हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में चावल उत्सव



12 मिनीमाता कन्या कॉलेज में इंटर्नशिप का ...





## खबर संक्षेप



### गोपालपुर पंचायत में विशेष ग्रामसभा

**गोपालपुर**। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अन्तर्गत नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में सात अप्रैल को समय 10.30 बजे, स्थान ताबा तालाब पार के दुर्गा भवन (अस्थाई पंचायत भवन) में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मानमती पहारु साहू सरपंच ने की। पुनम सचिव ने सरकार के तरफ़ से आये हुए एजेण्डा को पढ़कर सुनाया। जैसे प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ जल मिशन, रोजगार गारंटी, सोख्ता गड्ढा, कुआं निर्माण,नये तालाब निर्माण, पौधारोपण, अन्य कार्य के संबंध मे चर्चा की गई और सर्व समिति से प्रस्ताव पारित की गई।

### अप्रैल में राशन कार्डधारियों को मिलेगा केरोसिन

**बलौदाबाजार**। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत अप्रैल के लिए केरोसिन का आबंटन जारी कर दिया गया है। प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून) के कोटे में से जिले के लिए 24 किलो लीटर केरोसिन राशन कार्ड धारकों के लिए आवंटित किया है। यह केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। खाद्य विभाग के अनुसार, अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के सभी राशन कार्डधारियों को इसका लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्रों में प्रति राशन कार्ड अधिकतम 1 लीटर और ग्रामीण क्षेत्रों (अनुसूचित एवं गैर-अनुसूचित) में अधिकतम 2 लीटर केरोसिन दिया जाएगा। अप्रैल माह के लिए आवंटित केरोसिन का उठाव 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से करना होगा।

### दोपहर में मोटी-मोटी बूंदें फिर निकल आई धूप

**रायपुर**। सुबह की धूप के बाद दोपहर बादल छाए और कुछ देर तक मोटी-मोटी बूंदे गिर पड़ी और थोड़े अंतराल के बाद पुनः धूप निकल आई। धूप, बारिश और नमी के कारण वातावरण में चिपचिपाहट मौजूद है। मंगलवार को भी प्रदेश के मौसम में बदलाव रहने की उम्मीद है। 9 अप्रैल के बाद पारा चढ़ने से एक बार फिर गर्मी के वापस लौटने की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका और चक्रवाती घेरा के प्रभाव से राज्य का मौसम बदला हुआ है। सोमवार को शहर में बदलाव की अलग स्थिति देखने को मिली। सुबह धूप का प्रभाव अधिक था जिससे प्रतीत हो रहा था गर्मी थोड़ा सताएगी। दोपहर तक ऐसी स्थिति बनी रही जिसके बाद अचानक बादल छा गए और हवा की गति बढ़ने के साथ कुछ देर तक बड़ी-बड़ी बूंदों की बौछारें पड़ी। इसके बाद कुछ देरी हल्की बारिश हुई और पुनः धूप निकल आई। बदलते मौसम की वजह से वातावरण में उमस बढ़ गया जिससे थोड़ी असहजता हुई। सोमवार को राज्य में सबसे ज्यादा 37.5 तापमान राजनांदगांव का दर्ज किया गया।

# वीबी-जी राम जी का आगाज, श्रमिकों को मिलेगा 125 दिन का काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कुल 4821 कार्य संचालित है, जिसमें 32072 श्रमिक नियोजित है। सभी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्यक्षेत्र पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन अधिनियम 2025 के प्रावधानों, लाभों और क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में बताया गया। नया कानून ग्रामीण रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए लाया गया है, जो मनरेगा की जगह लेगा और इसमें 100 दिन की बजाय 125 दिन का गारंटीड रोजगार प्रदान किया जाना शामिल है। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम 2025 में जल संरक्षण एवं जल संबंधित कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। मूलभूत ग्रामीण अवसरंचना सुदृढ़ होगी। आजीविका के अवसर एवं अनुकुलन क्षमताओं का विकास होगा। मजदूरी रोजगार गारंटी तथा 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की गारंटी। तय समय में काम नही मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान है।जिले के सभी जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों में इस अधिनियम के अंतर्गत सभी कार्य अब ज़ीआईएस आधारित युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से योजना बनाकर क्रियान्वित किये जायेंगे।

### 4821 संचालित कार्यों में 32072 श्रमिक नियोजित



### जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण कार्यों को बढ़ावा

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार की अधिक अवसर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण। योजना में कार्यों की पारदर्शिता एवं जवाबदेही के लिए डिजिटलाईजेशन एवं टेक्नालाजी का उपयोग करते हुए जल सरंक्षण, भूजल पूर्नभरण, वाटरशेड विकास, सिंचाई, वनीकरण एवं जल स्रोतो के कार्यो को बढ़ावा देना है।

## कार्रवाई : गौवंश वध के तीन मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

# गौवंश का वध करने वाले गिरोह के दो युवक और दो नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार हो रही गौवंश वध की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए सिमगा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम कोलिहा, मांढर और अडबंधा क्षेत्र में गौवंश की हत्या कर मांस विक्रय करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो विधि से संघर्षरत बालक नाबालिग भी शामिल हैं।

उपरोक्त प्रकरणों में पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं इसके आसपास समस्त पहुंच मार्गो में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। साथ ही ग्राम गणेशपुर, विश्रामपुर एवं इसके आसपास ग्रामों में भी मुखबिर लगाकर आरोपियों के संबंध में पतासाजी किया जा रहा था। इस बीच विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि ग्राम गणेशपुर निवासी कुछ आरोपी गौवंश को काटकर उसे विक्रय करने की घटनाओं में शामिल हैं। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विधि से संघर्षरत दो बालक सहित, आरोपी राजीव मसीह उर्फ बॉबी 22 साल निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा, साहिल मसीह 21 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उपरोक्त तीनों घटनाओं में विक्रय करने हेतु गौवंश का क्रूरता पूर्वक वध करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### जांच जारी

प्रार्थी करण निषाद निवासी ग्राम कोलिहा ने 2 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा ग्राम कोलिहा और मांढर के बीच खार में गौवंश का वध कर दिया गया है, जिसमें उक्त गौवंश का शव क्षत विक्षत अवस्था में घटना स्थल पर पड़ा हुआ है। ठीक इसी प्रकार पूर्व में भी अज्ञात आरोपियों द्वारा ग्राम अडबंधा मेन रोड एवं दरचुरा में भी गौवंश का क्रूरता पूर्वक वध किये जाने की घटना किया गया था, कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 325 बीएनएस छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,10,11 के तहत कुल 3 प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## गौरव पथ पर कारों में तोड़फोड़ कर बैटरी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार**। शहर के गौरव पथ पर पार्किंग में खड़ी कारों के शीशे तोड़कर बैटरी चोरी करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी की गई बैटरी बरामद कर ली गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजेंद्र कुमार देवांगन निवासी आदिवासी वार्ड नंबर 4 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 अप्रैल की सुबह उनकी टाटा टियागो कार सीजी 04 एलआर 1425 का कांच तोड़कर अज्ञात चोर ने 7,000 मूल्य की बैटरी पार कर दी है। इसी तरह एक अन्य वाहन में भी तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किया गया था। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 303(2),324(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।थाना प्रभारी सिटी कोतवाली ने एक विशेष टीम गठित की।



पुलिस ने घटना स्थल और गौरव पथ की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। फुटेज और स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक की पहचान की, जिसे बार-बार वाहनों के आसपास घूमते देखा गया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने शिव शंकर यादव 25 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 7,000 की बैटरी बरामद की गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

# नशे में गाड़ी चलाने वाले और ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा

### वसूला लाखों का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस इन दिनों बेहद सख्त तेवर अपनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले भर में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों और क्षमता से अधिक माल लादने वाले (ओवरलोड) भारी वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

सीमेंट संयंत्रों की ओर जाने वाले मार्गों, बाईपास, भाटापारा शहर और सुहेला क्षेत्रों में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया गया। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक 18 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गई। इन वाहनों से कुल 5 लाख समन शुल्क के रूप में वसूले गए हैं।

### 129 वाहन चालक नशे में ड्राइविंग करते पकड़े गए

पुलिस की विभिन्न टीमों, जिनमें यातायात शाखा बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा और कसडोल शामिल हैं, ने ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया। इस वर्ष 2026 में अब तक कुल 129 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने इन सभी के वाहन विधिवत जब्त कर मामला न्यायालय में पेश किया है। शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में माननीय न्यायालय ने भी कड़ा रुख अपनाया है। इस वर्ष पकड़े गए आरोपियों पर अब तक कुल 13,01,500 (तेरह लाख एक हजार पांच सौ रुपये) का भारी-भरकम अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे में ड्राइविंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले समेत 5 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित टीम शक्ति इन दिनों सड़क पर उतरकर एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में 7 अप्रैल को टीम ने कसडोल और गिधौरी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की।

अभियान के दौरान टीम शक्ति ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर आकस्मिक दबिश दी। इस दौरान खुलेआम शराब पीकर माहौल खराब करने ▸▸ शेष पेज 11 पर





### 28 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान काटा

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए टीम ने शिक्षण संस्थानों के आसपास विशेष गश्त की। स्कूल और कॉलेजों के बाहर बिना वजह घूमने वाले और संदिग्ध अवस्था में पाए गए युवकों से कड़ाई से पूछताछ की गई। टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि छात्राओं के साथ छेड़खानी या असुरक्षित वातावरण निर्मित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।गिधौरी और कसडोल क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी गाज गिरी। टीम शक्ति ने यातायात विभाग के साथ मिलकर संयुक्त चेकिंग की, जिसमें 28 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान काटा गया। नियमों की अनदेखी करने वालों से कुल 9,800 का जुर्माना वसूला गया।

# 31 लाख की बैंक धोखाधड़ी का महाठग शिवा साहू सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार सरसीवा

सरसींवा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बैंक खातों से 31 लाख के आहरण करने वाले मुख्य आरोपी शिवा साहू सहित 2 अन्य को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बैंक कर्मियों से सांठगांठ कर होल्ड खातों को फर्जी तरीके से अनहोल्ड कराकर रकम निकाल ली थी। गिरफ्तार आरोपियों में रायकोना निवासी महाठग शिवा साहू पिता टीकाराम साहू 24 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा, पारसनाथ साहू पिता तोषराम साहू 26 वर्ष साकिन चकरदा वार्ड 2 बजरंग बली चौक थाना सरसींवा और सूर्यकांत साहू पिता हेमलाल साहू 21 वर्ष साकिन मोहतरा (न) थाना सरसींवा शामिल हैं।



पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सरसींवा की टीम ने लंबे समय से फरार आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी वीणा यादव उप निरी अमृत भार्गव, सउनि कृष्ण कुमार टंडन, प्र आर गजानंद स्वर्णकार, फागूलाल निराला, बिरेन्द्र चंद्रा, रतनलाल स्वाई, आरक्षक रमेश चंद्रा, शंकर कुर्रे, रामकुमार पटेल, पवन सिदार, अमृत खुटे, हेमचरण चौरगे, लकेश्वर टंडन, सायबर सेल सारगढ़ एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### 40 लाख की सामग्री जब्त

पुलिस ने इनके कब्जे से इनोवा और सेलेरियो कार, जावा मोटरसाइकिल, एक्टिवा स्कूटी, लैपटॉप, प्रिंटर और मोबाइल फोन सहित करीब 40 लाख की सामग्री जब्त की है। यह मामला 25 दिसंबर का है, जहां एचडीएफसी बैंक बिलाईगढ़ व सारंगढ़ बैंक प्रबंधन की शिकायत पर दर्ज हुआ था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 31 लाख अलग-अलग खातों से निकाले थे।

## 5 उपार्जन केन्द्र प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत अधिसूचित

# जिले में दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री-अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी प्रारम्भ हो गई है।

पीएम-आशा के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत जिले में 5 उपार्जन केन्द्रों जिसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, अमेरा, धुर्राबांधा, कसडोल एवं सिमगा का नाम शासन द्वारा अधिसूचित किया गया है। जिले में अब तक 899 कृषकों द्वारा कुल 1125.34 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन चना, मसूर एवं सरसों विक्रय हेतु किया गया है। योजनांतर्गत उपार्जन केन्द्र बलौदाबाजार, अमेरा एवं धुर्राबांधा समिति में खरीदी शुरू हो गई है। जिसमें तीन कृषकों द्वारा 10 क्विंटल सरसों एवं 0.50 क्विंटल मसूर का विक्रय किया गया है।

योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषकों से दलहनी तथा तिलहनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करना है। इसके अंतर्गत अरहर, उड़द एवं मसूर का शत प्रतिशत उपार्जन तथा शेष फसलों जैसे मूंगफली, सोयाबीन, मूंग, चना, सरसों का राज्य के उत्पादन का 25 प्रतिशत उपार्जन केन्द्र सरकार द्वारा अपनी प्रापण संस्थाओं (प्रोक्योरमेंट एजेंसीज) नाफेड तथा एनसीसीएफ के माध्यम से किया जा रहा है। जिससे दाल उगाने वाले किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा मिले और उनकी फसल की समय पर खरीद की जा सके। केन्द्र सरकार द्वारा मिशन का एक और प्रमुख उद्देश्य फसलों के उत्पादन ▸▸ शेष पेज 11 पर



■ पीएम-आशा योजना के तहत की जा रही खरीदी

### आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

पीएम आशा योजना के तहत सरकार ने अरहर (तूअर), उड़द और मसूर जैसी प्रमुख दालों की सौ फीसदी खरीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) किसानों से सीधे खरीद करेंगे। किसानों को उनकी फसल की उचित और समय पर कीमत मिलेगी। यह पहल किसानों को दलहन एवं तिलहन उत्पादन की ओर आकर्षित करेगी, जिससे भारत आयात पर निर्भरता कम करके घरेलू आत्मनिर्भरता हासिल करेगा।दलहन एवं तिलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है।जिससे किसानों की आय बढ़ाने और दलहन एवं तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# भाजपा का गांव चलो अभियान आज से, डिप्टी सीएम विजय कवर्धा और किरण देव बस्तर के एक गांव जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का गांव चलो अभियान मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ प्रदेश भाजपा के बड़े से लेकर छोटे नेता भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान में गांव-गांव तक जाएंगे और वहां पर ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे।

पहले दिन डिप्टी सीएम विजय शर्मा कवर्धा के किसी गांव और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर के किसी गांव में जाएंगे। मुख्यमंत्री का दिल्ली प्रवास से लौटने बाद कार्यक्रम बनेगा। कार्यक्रम 12 अप्रैल तक चलेगा। जो मंत्री चुनावी राज्यों में हैं, उनका कार्यक्रम वहां से लौटने पर बनेगा।

भाजपा के स्थापना दिवस से पखवाड़ेभर तक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अलग-अलग कार्यक्रम तय किए हैं। इसमें सबसे बड़ा कार्यक्रम गांव चलो अभियान है। इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी गांवों तक जाना है। गांव में चौपाल लगाकर वहां पर ग्रामीणों से संवाद करना है। ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा जाएगा। साथ ही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बात की जाएगी कि उनको इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के ही किसी गांव में जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारी, मोर्चा और प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री का दिल्ली से लौटने के बाद तय होगा गांव जाने का कार्यक्रम

### हर नेता को एक गांव में जाना है

हर विधानसभा में 50 गांवों का चयन किया गया है। इससे ज्यादा गांव भी किसी विधानसभा में हो सकते हैं। इन चयनित गांवों तक ही प्रदेश के नेता जाएंगे और वहां पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसी के साथ गांवों में भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की जाएगी। प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा नेता अपने-अपने क्षेत्र के किसी भी एक गांव में एक दिन के लिए जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### यादव समाज के उत्थान और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

**रायपुर।** कमल विहार रायपुर स्थित त्रिपुर यात्रा सेवा समिति के सभागार में रविवार को छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ की उप-समिति, एकादश उत्थान यादव कल्याण संघ की बैठक हुई। बैठक में समाज के उत्थान और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता सुरेश कुमार यादव ने संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रत्येक परिवार से न्यूनतम 11 रुपए प्रतिमाह सहयोग राशि देने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि 10 लाख परिवारों के इस छोटे-से योगदान से एक बड़ी सामाजिक पहल को मूर्त रूप दिया जा सकता है। इस राशि से प्रदेश स्तर पर यादव समाज का विस्तृत डेटा तैयार किया जाएगा तथा 20 से 25 एकड़ क्षेत्र में "यादव मल्टीस्पेशलिटी कम्युनिटी सेंटर" का निर्माण किया जाएगा।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा लगातार नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक डीसीपी विकास कुमार पुलिस के निर्देश पर राजधानी के अलग-अलग स्थानों में पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे 129 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### चोरी के आरोप में दो नाबालिग धरे गए



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नरेंद्र पटेल की शिकायत पर उसकी दुकान से नकदी 30 हजार रुपए कैश सहित पान मसाला चोरी करने के आरोप में दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर नकदी 30 हजार रुपए जब्त किए हैं। शातिरों ने दो-तीन अप्रैल की दरमियानी रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 17 करोड़ का प्रोजेक्ट

# महाराजबंध, खोखो और नरैया तालाब में नहीं जाएगी गटर की गंदगी, एसटीपी तैयार


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के ऐतिहासिक महराजबंध तालाब, खोखो तालाब और नरैया तालाब में अब गटर की गंदगी नहीं जाएगी, गंदे पानी को साफ करने तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार है। पखवाड़ेभर में महाराजबंध तालाब में स्थापित एसटीपी की टेस्टिंग शुरू हो जाएगी। इसके बाद बारी-बारी से खोखो और नरैया तालाब में स्थापित एसटीपी का ट्रायल शुरू होगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 17 करोड़ में शहर के तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पुणे की समृद्धि वाटर वर्क एजेंसी को जिम्मा दिया था। अनुबंधित एजेंसी को 18 माह के की समय अवधि में यह काम पूरा करना था, पर एक साल तक साइट क्लीयर नहीं होने और अनुबंधित एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य में लेटलतीफी के चलते सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरा होने में चार साल का समय लग गया।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने राजधानी के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाए रखने ओर गंदे पानी के शुद्धिकरण करने 17 करोड़ में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने ऑनलाइन टेंडर के बाद पुणे की एजेंसी समृद्धि वाटर वर्क को ठेका दिया। अनुबंध की शर्त में निर्माण के बाद 5 साल तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन, संधारण करना शामिल है। शहर के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालाब के जल को दूषित करता है। इनमें वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाला शामिल है। गंदे पानी को प्लांट से उपचारित कर वापस तालाब में छोड़ने 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। वहीं टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब में मिलने वाले गंदे पानी को साफ करने 1 एमएलडी और खोखो तालाब में सीधे गिरने वाले नाले-नालियों के गंदा पानी को साफ कर वापस तालाब में छोड़ने 1 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का कार्य शामिल है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा एसटीपी निर्माण कार्य अपेक्षा के अनुरूप समय पर पूरा नहीं होने पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित एजेंसी को फटकार लगाते हुए नोटिस भी जारी किया। इसके बाद भी एसटीपी निर्माण के काम तेजी नहीं आने पर महराजबंध एसटीपी में 16 लाख, नरैया तालाब एसटीपी में 8 लाख और खोखो तालाब के एसटीपी निर्माण में देरी पर 8 लाख की पेनाल्टी भी लगाई।

## 18 माह में पूरा होना था काम, ठेका एजेंसी ने लगा दिए 4 साल



### पानी साफ करने एसटीपी तैयार बढ़ेगा तालाब का जलस्तर



### तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा कम, इसलिए एसटीपी जरूरी

5 वर्ष पूर्व शहर के 14 तालाबों के पानी की जांच में ऑक्सीजन की मात्रा बेहद कम पाई गई। तालाबों के पानी में घुलनशील आक्सीजन की मात्रा 6 मिलीग्राम प्रति लीटर होनी चाहिए, लेकिन जांच के बाद इन तालाबों के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा निर्धारित मानक से कम पाई गई। राजातालाब का पानी सबसे गंदा मिला था, यहां घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा 0.39 मिलीग्राम पाई गई। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय एजेंसी पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान नीरी, भोपाल हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की संयुक्त टीम ने शहर के तालाबों में पानी का सैंपल लिया था। पानी के नमूनों की जांच नागपुर स्थित लैब में कराई गई। उस समय जिन तालाबों के पानी की जांच कराई गई, उसमें राजातालाब, टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब, सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब, पहलदवा तालाब, खोखो तालाब, आमापारा के कारी तालाब, धोबी तालाब, आमापारा तालाब, रामकुंड तालाब, कंकाली तालाब, बंधवा तालाब और डूमरतराई तालाब शामिल रहे।

# सीएम साय बोले- भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला संगठन-सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इस लक्ष्य को अर्जित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपने 47वें स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। 6 से 12 अप्रैल तक आयोजित इन कार्यक्रमों की कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में भाजपा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के पितृ पुरूषों के प्रतिमाओं को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्री साय ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं के लगातार कठोर परिश्रम एवं हमारे पितृ पुरूषों के त्याग से संभव हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बताते हुए श्री साय ने कहा, उनके समर्पण और नेतृत्व के कारण ही पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है और छत्तीसगढ़ लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



- भाजपा के स्थापना दिवस पर ठाकरे परिसर में पार्टी का झंडा फहराया

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारा देश निरंतर प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समापन के साथ ही विकास की गति और तीव्र करेगी। विकसित छत्तीसगढ़ की शुरुआत हो चुकी है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, रंजना साहू, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर खान, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नरेट के एनएटीएफ अजाक सहित 15 थानों के टीआई बदले ज्यादातर लाइन से थाने पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट के 21 थानों में से 13 थानों के टीआई का पुलिस कमिश्नर ने तबादला आदेश जारी किया है। साथ ही पांच ट्रैफिक थानों के टीआई का पुलिस कमिश्नर ने तबादला आदेश जारी किए हैं। पुलिस कमिश्नर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 22 टीआई के तबादला आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना में कार्यभार ग्रहण करने पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस रक्षित केंद्र से जिन टीआई को थाने की जिम्मेदारी दी गई है, उनमें जितेंद्र जायसवाल को खमतराई, अजय झा को तेलीबांधा और शक्ति सिंह को मौदहापारा, रितेश मिश्रा आजाद चौक, गौतमचंद्र गवड़े डीडीनगर, दीपेंद्र कुमार सैनी देवेंद्र नगर, गगन बाजपेयी कबीर नगर, अजरुद्दीन राजेंद्र नगर, राजेश कुमार मरई टिकरापारा थाने के टीआई बनाए गए हैं। टिकरापारा थाने में पदस्थ विनय सिंह बघेल को पुरानी बस्ती थाने की जिम्मेदारी दी गई है। कबीर नगर से शिवनारायण सिंह को पंडरी थाना, पंडरी थाने में पदस्थ स्वराज त्रिपाठी को गोलबाजार और आजाद चौक के अजीत सिंह राजपूत को सरस्वती नगर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। डीडीनगर थाने के टीआई रविंद्र यादव अजाक थाने के टीआई बनाए गए हैं।

- 22 निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी
- पांच को ट्रैफिक तथा दो को कंट्रोल रूम, डीसीबी का प्रभार

### ट्रैफिक थानों में इन टीआई की पदस्थापना

*खमतराई थाने के टीआई राजेश सिंह को ट्रैफिक थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह मनोज साहू आजाक थाने के टीआई बनाए गए। रक्षित केंद्र से पारसराम पटेल, अमितेश कुमार कौशिक तथा राकेश ठाकुर का ट्रैफिक थाने तबादला किया गया है। सुनील दास एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी बनाए गए हैं। सरस्वती नगर टीआई नरेंद्र साहू कंट्रोल रूम प्रभारी, ढालूदास मानिकपुरी ट्रैफिक से डीसीबी प्रभारी बनाए गए।*

## मंत्रियों को सद्बुद्धि मिले...

# डीएड अभ्यर्थियों ने दंडवत होकर की प्रार्थना

**रायपुर।** डीएड अभ्यर्थियों ने सोमवार को सहायक शिक्षकों के 2300 खाली पड़े पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अनूठा प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेश के 14 कैबिनेट मंत्रियों के मुखौटे के सामने दंडवत प्रणाम करते हुए पूजा-अर्चना की। साथ ही मंत्रियों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के चयनित डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 104 दिनों से अलग-अलग तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के जरिए वे अपने लंबित मांग को शासन तक पहुंचाने धरनास्थल पर डटे हुए हैं। आंदोलन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों का कहना है यदि जल्द ही उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई तो वे आगे बड़े स्तर पर आंदोलन करने बाध्य होंगे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने बाद भी उन पर झूठे केस दर्ज किए गए। 3 बार सेंट्रल जेल भेजा गया, इसके बाद भी उनका आंदोलन जारी है।



- पूजा-अर्चना कर आरती भी की
- धरनास्थल पर अनूठा प्रदर्शन

# चुनाव की मांग लेकर एक वक्त पर घेरे गए रविवि, आयुष व कृषि विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छात्रसंघ चुनाव की मांग लेकर एनएसयूआई ने सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के शासकीय विश्वविद्यालयों को घेराव किया गया। राजधानी में पं.रविशंकर शुक्ल विवि, इंदिरा गांधी कृषि विवि और आयुष विवि का घेराव सोमवार अपरान्ह किया गया। रविवि में मुख्य द्वार से प्रारंभ हुई रैली को प्रशासनिक भवन पहुंचने के पूर्व ही पुलिस ने रोक लिया।

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं के प्रति उदासीन हैं, जिसके चलते छात्रों को अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। यदि जल्द ही चुनाव की घोषणा नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। रविवि के घेराव में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, अमित शर्मा, प्रशांत गोस्वामी, संकल्प मिश्रा, विवेक यदु, रितेश दीक्षित, महताब हुसैन, विशाल कुकरेजा, हरिओम तिवारी, वैभव मुंजेवर, पुनेशवर लहरे, अंकित पांडेय, भक्तेश्वर वैष्णव, ओज प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे।

## अन्य जिलों में भी हुए प्रदर्शन, प्रदेशभर के शासकीय विवि का घेराव



### छात्रों ने फांदी दीवार

आयुष विवि में भी छात्रों ने अपनी ताकत दिखाई। यहां एनएसयूआई के धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में घेराव व प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन को देखते हुए यहां भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात थी, लेकिन छात्रों ने दीवार फांद ली। विवि के बाउंड्री वॉल पर चढ़े छात्रों को नीचे उतारने में पुलिस बल को मशक्कत करनी पड़ी। वहीं इंदिरा गांधी कृषि विवि में संगठन महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में घेराव किया गया।

### छात्रों से भयभीत सरकार

छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं और इन्हें रोका जाना छात्रों के अधिकारों का हनन है। बीजेपी सरकार जानबूझकर छात्रसंघ चुनाव नहीं होने दे रही है, क्योंकि उसे छात्रों का भय है। **-शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई

**रायपुर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 64 आरोपियों तथा हुक्का एवं उससे संबंधित सामग्री की बिक्री करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। दो के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं 12 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। नार्थ जोन डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर संबंधित थानों की पुलिस ने कार्रवाई की है।



## केंद्रीय वित्त मंत्री से राहत उपाय और टास्क फोर्स के गठन का किया आग्रह

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने पश्चिम एशिया में जारी संकट से भारत के व्यापार और उद्योग, विशेषकर छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है। इसके साथ ही सरकार से समय रहते आवश्यक राहत एवं नीतिगत उपाय करने का आग्रह किया है। कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंह देव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कैट ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सक्रिय एवं निर्णायक नेतृत्व सराहनीय है।

# सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार बहाल करा रहा हाईकोर्ट, मुक्तिधामों के लिए 188 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुक्तिधामों की बदहाली सुधारने के संबंध में कहा था कि भारतीय अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है।

यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है, जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है, का उल्लेख करते हुए पंचायतों-निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था सुधार करने के निर्देश दिए गये थे। हाईकोर्ट के इस आदेश के पालन के लिए राज्य के 49 निकायों में मुक्तिधामों की बदहाली सुधारने के लिए शासन ने 188 करोड़ रुपए की पहली किस्त 49 नगरीय निकायों को जारी की है। इस प्रक्रिया से हाईकोर्ट की पहल पर सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार के अधिकार की बहाली नजर आ रही है।



*सरकार ने जारी की 188 करोड़ की पहली किस्त : हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 49 नगरीय निकायों के मुक्तिधामों की व्यवस्था सुधारने के लिए 188 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी कर दी है। इसके साथ ही जो शर्तें रखी गई हैं, उसमें प्रमुखता से कहा गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का परिपालन करना सुनिश्चित करें।*

*आदर्श मुक्तिधाम में हों ये सुविधाएं : नगरीय निकायों में मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की आवश्यक साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। समय-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सफाईकर्मी लगाकर की जाए। नगरीय निकाय द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाए। मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेंसिंग लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिन निकायों में डीएनएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है, वहां लोहे की कंटीली तार के माध्यम से फेंसिंग कराई जाए। मुक्तिधाम परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि की मरम्मत निकाय में उपलब्ध राशि या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल कराना सुनिश्चित करें। मुक्तिधाम में एक हैंडपंप की व्यवस्था की जाए तथा मुक्तिधाम में आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी नगरीय निकायों में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति दी जाए। इस हेतु प्रस्ताव तत्काल भेजना सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) से मुक्तिधाम परिसर में 2 शौचालय (पुरुष एवं महिला) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।*

### ये है मामला

उच्च न्यायालय के प्रकरण क्रमांक में पिछले साल सितंबर 2025 में मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी मामले की सुनवाई करते हुए एक आदर्श मुक्तिधाम में सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश जारी किया था। इस आदेश के परिपालन में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 49 मुक्तिधामों की व्यवस्था सुधारने के लिए 188 करोड़ रुपए पहली किस्त के रूप में जारी किए हैं। आदेश में कहा गया था कि भारतीय अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है। यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है, जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है, का उल्लेख करते हुए पंचायतों, निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था सुधार करने निर्देश दिए थे।

# शारदा चौक चौड़ीकरण के लिए जनमत जुटाने उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रमुख यातायात मार्गों में शामिल शारदा चौक के लंबे समय से लंबित चौड़ीकरण कार्य को लेकर सोमवार को पूर्व महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नवीन मार्केट स्थित खूबचंद बघेल की प्रतिमा के सामने आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी सहमति दर्ज कराई और जल्द से जल्द चौड़ीकरण कार्य शुरू करने की मांग उठाई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, पूर्व एमआईसी अजीत कुकरेजा, सुंदर जोगी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा, शारदा चौक पर लगातार बढ़ता ट्रैफिक दबाव शहरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है, लेकिन इसके समाधान के लिए वर्तमान सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

### कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत हुई थी राशि : ढेबर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए राशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करने की दिशा में पहल की थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। उन्होंने कहा, ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद यदि शहर के सबसे जरूरी यातायात समाधान को भी नजरअंदाज किया जा रहा है तो यह सरकार की प्राथमिकताओं और कार्यशैली पर बड़ा सवाल है।

# खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी बढ़ा दिए 30 रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से सीमेंट कंपनियों की मनमर्जी सामने आई है। सोमवार से सभी कंपनियों ने सीमेंट के दाम 30 रुपए बढ़ा दिए हैं। खुले बाजार के साथ सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम भी बढ़े हैं। अब सीमेंट के दाम चिल्हर में 300 से 350 रुपए हो गए हैं। थोक में इसके दाम 260 से 340 रुपए हो गए हैं। जो सबसे महंगा नान ट्रेड सीमेंट ओपीसी का 310 रुपए था, वह 340 रुपए हो गया है। हरिभूमि ने पहले ही 4 अप्रैल के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था कि सीमेंट के दाम सोमवार से बढ़ाने की तैयारी है। अभी दाम 30 रुपए बढ़े हैं आने वाले समय में इसके दाम और 20 से 30 रुपए बढ़ाने की तैयारी है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने के मामले में हमेशा से ही बेलगाम हैं। हर साल मानसून के समय भी जब डिमांड नहीं रहती है, तब भी दाम बढ़ा दिए जाते हैं। दाम बढ़ाने का विरोध रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कर चुके हैं। बीते साल तो प्रदेश सरकार ने भी नाराजगी जताते हुए सीमेंट कंपनियों की बैठक की थी। उद्योग मंत्री के साथ बैठक में तय किया गया था कि कंपनियां सीमेंट के दाम बढ़ाने से पहले इसकी सरकार को जानकारी देंगी और कारण भी बताएंगी, लेकिन कंपनियां ऐसा नहीं कर रही है।

## सीमेंट के दाम थोक में अब 260 से 340 रुपए तक, चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए

### किस ब्रांड के कितने दाम

कारोबारियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लगातार कंपनियां दाम बढ़ाने की बात कह रही थी। इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया जा रहा था। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल का टार्गेट पूरा करने के लिए ही ऐसा किया गया है। दाम बढ़ने से पहले अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम 60 बोरी के 230 से 270 रुपए तक थे। अब दाम 260 से 300 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में मनमर्जी रहती है। चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए हो गए हैं। अब अल्ट्राटेक 60 बोरी के दाम 270 से बढ़कर 300 रुपए, एसीसी के 250 से बढ़कर 280 रुपए, जेके लक्ष्मी के 230 से बढ़कर 260 रुपए और नोवोको के भी 230 से बढ़कर 260 रुपए हो गए हैं।

### बढ़े हैं दाम

खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी दाम 30-30 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। इससे सरकारी काम काफी प्रभावित होगा। पहले ही अन्य सामानों के दाम भी बढ़ गए हैं। सीमेंट के दाम बढ़ाने का कोई कारण भी नहीं है।

- रूपेश सिंघल, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ अध्यक्ष

### नान ट्रेड के दाम दूसरे राज्यों में कम

सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियों से ही जो नान ट्रेड सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है, उन राज्यों को सीमेंट छत्तीसगढ़ के ठेकेदारों को दिए जाने वाले दाम से 40 रुपए कम में दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र 6 अप्रैल को अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित 12 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। राजधानी और बिलासपुर में ही इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### ज्ञान भारतम मिशन अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की शुरुआत

**रायपुर।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों का संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण करना है, ताकि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि प्राचीन पांडुलिपियां, ताड़पत्र और हस्तलिखित ग्रंथ हमारी संस्कृति के अमूल्य खजाने हैं। इनके संरक्षण और पहचान में आमजन की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि यदि उनके पास किसी भी प्रकार की प्राचीन पांडुलिपि, ताड़पत्र या हस्तलिखित ग्रंथ उपलब्ध हैं तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग को अवश्य प्रदान करें, ताकि उन्हें सुरक्षित संरक्षित किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

## पेज 9 के शेष

### जिले में दलहन...

के बाद वैल्यू चेन को मजबूत करना है। इसके लिए सरकार 1,000 प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट की स्थापना करेगी। प्रत्येक यूनिट को 25 लाख तक की सब्सिडी दी जाएगी। इन यूनिट्स से फसल का नुकसान घटेगा, वैल्यू एडिशन बढ़ेगा और गांवों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, नीति आयोग की सिफारिशों के आधार पर क्लस्टर बेस्ड अप्रोच अपनाया जाएगा। इससे संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल, जियोग्राफिकल डाइवर्सिफिकेशन और फसल उत्पादन में क्षेत्रीय संतुलन प्राप्त किया जा सकेगा। सरकार ने इस मिशन के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय किए हैं, जो 2030-31 तक हासिल करने की योजना है।

### सार्वजनिक स्थान...

वाले 5 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। इन सभी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, टीम शक्ति का यह दस्ता जिले भर में पेट्रोलिंग कर रहा है। इसका मूल उद्देश्य महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करना और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोक लगाना है। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि आकस्मिक चेकिंग और जागरूकता का यह अभियान पूरे जिले में निरंतर जारी रहेगा ताकि आम जनमानस, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ हो सके।

हितग्राहियों को तीन माह का एकमुश्त चावल वितरित

# जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशनकार्डधारी परिवारों को पात्रता अनुसार अप्रैल, मई और जून माह का चावल अप्रैल 2026 में एक साथ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी पीड़ीएस दुकानों में 7 अप्रैल 2026 से चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और निगरानी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में चावल उत्सव मनाकर तीन महीने के खाद्यान्न का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी 591 उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव मना कर तीन महीने के खाद्यान्न का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है।

इस उत्सव की सतत मॉनिटरिंग हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, खाद्य और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। चावल उत्सव के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हितग्राहियों को सुगमता से चावल वितरित करने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। इस अवसर पर हितग्राहियों को अपने नजदीकी राशन दुकान पर जाकर चावल प्राप्त करने का आग्रह किया जा रहा है।





## दतान में खुली नयी राशन दुकान, लोगों को मिलेंगी सुविधाएं

**पलारी।** ग्राम पंचायत दतान में 2 नयी पीडीएस दुकान का संचालन की शुरूआत हो रही हैं, जिसमें जय अम्बे महिला स्वा समूह द्वारा संचलित उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ 7 अप्रैल को चावल उत्सव के साथ मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित जनपद सदस्य सभापति स्वच्छता समिति जामवंति नीलकमल साहू ने पूजा अर्चना की।



इस मौके पर दतान के सरपंच प्रतिनिधि पुरसोत्तम फेकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, सचिव खम्भन वर्मा, पंच लता डांडेकर, वरिष्ठ नागरिक, वासुदेव साहू, रामसिंग साहू, सोहन साहू, बिसाहू राम साहू,मुकेश धिवर, देवनाथ वर्मा, हेमकुमार साहू, मितानिन मीरा साहू, चेमिन साहू, उपभोक्तागण गिरधारी चन्द्राकर, आनंद रजक सहित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष राजकुमारी साहू, राधा साहू, कुंती साहू, परमेश्वरी चन्द्राकर, परदेशनिन यादव सहित बड़ी संख्या में लोंग उपस्थित थे।

# भाजपा सदस्यों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटगी

भाजपा मंडल कटगी द्वारा पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और जनहित में कार्य करने की प्रेरणा का दिन है। यह दिवस हमें उन आदर्शों और सिद्धांतों की याद दिलाता है जिनके आधार पर पार्टी की स्थापना हुई थी। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने अपने स्थापना काल से ही देश के विकास, सुशासन, राष्ट्रवाद और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया है। आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है, जिसका श्रेय लाखों कार्यकर्ताओं के परिश्रम, निष्ठा और समर्पण को जाता है। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर कार्य करता रहे।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश शर्मा, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष खिलेश्वरी थवाईत, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा थवाईत, पूर्व जनपद सदस्य प्रीति जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि केशव सोनी, ग्राम पंचायत खैरा की रामवती वर्मा, मंडी अध्यक्ष बंशीलाल डडसेना, देवनारायण जायसवाल, रामभरोस, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जयसिंग पैंकरा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सदस्य विनोद देवांगन, बृहस्पति जाटवर, रामकृपाल कैवर्त्य, पोलिंग बूथ अध्यक्ष अरुण शाहजीत, ओमप्रकाश साहू, हिमांचल पैंकरा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत मुड़पार कृष्ण कुमार देवांगन कार्यालय प्रभारी किशोर थवाईत, संतोष कुमार जायसवाल, विजयेंद्र कुमार जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल, रेशम लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार की मौत

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी के एक ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अमन साहू पिता निमई साहू (27 साल) नोवामुंडी वार्ड नं 05 थाना नोवामुंडी जिला पश्चिम सिंगभूम, झारखंड के मर्ग मामले की जांच किया गया। पुलिस ने बताया कि 03 अप्रैल को मृतक अपने दोस्तों एवं चचेरे भाई के साथ शादी का सामान खरीदने रायपुर गया था। सामान खरीदने के बाद 5 अप्रैल को वापस रायपुर से नोवामुंडी झारखंड के लिए अर्टिगा कार क्रमांक जेएच 05 सीपी 5207 से जा रहा रहा था। रात्रि करीबन 10.30 बजे ग्राम बिरकोनी एनएच 53 रोड महाराजा ढाबा के पास के अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मृतक के कार को दाहिने साईड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे अमन साहू एवं उसके दोस्त विश्वजीत, सिपुल अपट, विवेक करवा एवं सुधीर नाग को चोटें आईं। गले में गंभीर चोट आने की वजह से अमन साहू की मौत हो गई। मामले में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125-ए, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन तथा सचिव आलोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर आमजनों को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।




शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता वर्मा सहित पैरालीगल वॉलिंटियर्स ओजस्व अग्रवाल, लाखन बंजारे एवं लोकेश यदु उपस्थित रहे। विशेषज्ञों एवं स्वयंसेवकों ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति, लिंग जांच निषेध, स्वास्थ्य अधिकार एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा, परिवार कल्याण तथा निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान सचिव आलोक पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम एवं आबकारी अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि काला जादू या टोनही के नाम पर उपचार का दावा करना दंडनीय अपराध है, जिसके तहत एक वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है।

इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा ग्राम रिसदा, गाड़ाकुसमी, सुनसुनया, रिंगनी, केसला, धोधा, गिरौदपुरी, कौआलाल, डेहराडीह, नवरंगपुर, भाटापारा एवं ग्राम पंचायत कामता सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बुनियादी विधिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छता अपनाने एवं नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

# ये कैसा वर्कआर्डर...पुराना एसपी भवन ढहाए बिना कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, लेकिन वर्कआर्डर के अनुसार, जितनी जमीन पर बिल्डिंग का निर्माण शुरू किया जाना था, उसकी आधी जमीन पर ही कार्य शुरू हो पाया है। पुराने एसपी भवन को अब तक तोड़ा नहीं गया है, जबकि जारी वर्कऑर्डर के अनुसार उक्त भवन को तोड़े जाने के बाद ही एक साथ निर्माण कार्य शुरू होना था। इधर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि एसपी कार्यालय की शिफ्टिंग हो चुकी है, लेकिन अभी भी कुछ अन्य अधिकारियों के दफ्तर इस भवन में लग रहे हैं। भवन पूरी तरह खाली होने पर ही उसे तोड़ा जा सकेगा।

- पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने कहा- भवन पूरी तरह खाली नहीं, इसलिए तोड़ा नहीं गया

कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय के लिए पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य वर्ष 2023 से प्रस्तावित है। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए कांग्रेस शासनकाल में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद से इस बिल्डिंग के निर्माण में लगातार बाधा आ रही है। मंजूरी के बाद विधानसभा चुनाव, उसके बाद लोकसभा और फिर नगरीय निकाय चुनाव के कारण इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। तीनों चुनाव निपटने के बाद एसपी कार्यालय भवन इस कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण में बाधा बना।

### एक वर्ष से अधिक समय लगने की संभावना

सूत्रों के अनुसार वर्कऑर्डर में एजेंसी को कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए डेढ़ से दो वर्ष का समय दिया है। इसमें बारिश सीजन के महीने भी शामिल हैं, लेकिन एसपी भवन को तोड़े बिना बिल्डिंग निर्माण का कार्य समयसीमा में खत्म होना संभव प्रतीत नहीं होता। सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य पूर्ण होने में दिए गए समय के अलावा और एक वर्ष या उससे भी अधिक समय लगने की संभावना है।

### लेटलतीफी के कारण बढ़ी लागत

सूत्रों की मानें तो 29 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण का ठेका वर्ष 2023 में दिया गया था। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद वित्त विभाग से दोबारा इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए बजट को स्वीकृति दी गई। हालांकि टेंडर जिस एजेंसी को मिला था, उसे बरकरार रखा गया। सूत्र की मानें तो ठेका जरूर बदला नहीं गया, लेकिन लागत में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इससे इंकार कर रहे हैं।

**वर्कऑर्डर जारी हुए कई महीने बीते, भवन अब तक टूटा नहीं:** पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण के लिए वर्कऑर्डर जारी हुए कई महीने बीत चुके हैं। इसके बावजूद एसपी भवन को तोड़ा नहीं गया है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग ने जिस एजेंसी को कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण का ठेका दिया है, उसने एसपी भवन तोड़े बगैर ही कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण शुरू कर दिया है।

# आरटीई के तहत प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों की मान्यता होगी रद्द

## शासन का कहना- छग में आरटीई प्रतिपूर्ति राशि दूसरे राज्यों से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की फीस राशि बढ़ाने की मांग कर रहे विद्यालयों को लेकर शासन ने कड़ा रूख अपनाया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि जो विद्यालय आरटीई के अंतर्गत दाखिला नहीं देंगे, उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। गौरतलब है, आरटीई प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाने जाने की स्थिति में निजी स्कूलों ने शासकीय कार्यों में असहयोग करने का निर्णय लिया है। शासन के मुताबिक, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों को नर्सरी या कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है। इसके बदले राज्य सरकार प्रति बच्चा व्यय के आधार पर स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करती है। यह राशि सरकारी स्कूल में प्रति बच्चे पर होने वाले खर्च या निजी स्कूल की वास्तविक फीस (दोनों में से जो भी कम हो) के आधार पर निर्धारित की जाती है। छत्तीसगढ़ में शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि कई पड़ोसी राज्यों की तुलना में बेहतर या उनके समकक्ष है।

- आरटीई फीस बढ़ाने की मांग कर रहे हैं प्रदेश के निजी विद्यालय

### अन्य राज्यों में इतना भुगतान

प्रदेश में वर्ष 2011-12 से ही पहली से पांचवीं कक्षा तक 7000 रूपए और छठवीं से आठवीं कक्षा तक 11 हजार 400 रूपए वार्षिक प्रतिपूर्ति राशि निर्धारित है। तुलनात्मक रूप से देखें तो मध्य प्रदेश में 4,419 रूपए बिहार में 6,569 रूपए, झारखंड में 5,100 रूपए और उत्तर प्रदेश में 5,400 रूपए वार्षिक दिए जाते हैं। यद्यपि ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक में यह राशि अधिक है, किंतु समग्र मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ की प्रतिपूर्ति राशि संतुलित और उचित है।

### 3.63 लाख छात्र आरटीई के

*वर्तमान में राज्य के 6,862 निजी विद्यालयों में आरटीई के माध्यम से लगभग 3,63,515 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस वर्ष भी कक्षा पहली की लगभग 22,000 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। चूंकि सभी निजी विद्यालयों को आरटीई अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही मान्यता दी गई है, अतः यह उनकी वैधानिक जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करें। यदि कोई निजी विद्यालय आरटीई के तहत प्रवेश देने से इंकार करता है या प्रक्रिया में व्यवधान डालता है, तो राज्य शासन उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। इसमें विद्यालय की मान्यता समाप्त करने तक का प्रावधान शामिल है।*

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय जांजगीर
जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
शपथ पत्र

मैं महावीर गोड़ (MAHAVEER GOND) उम्र 34 वर्ष, पिता एक्काराम (AKKARAM), जाति गोड़, निवासी ग्राम घटमड़वा, तहसील टुण्ड्रा, जिला बलोदा बाजार-भांठापारा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करता हूं :-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
02. यह कि आधार कार्ड क्रमांक 9148 7854 9692 में मेरा नाम महावीर गोड़ (MAHAVEER GOND) पिता एक्काराम (AKKARAM) दर्ज है जो सत्य एवं सही है।
03. यह कि मेरे कक्षा 10 वी के अंकसूची में त्रुटिवश मेरा नाम महावीर गोड़ (MAHAVEER GOND) पिता एक्काराम (EKKARAM) दर्ज हो गया है।
04. यह कि मैं अपना पासपोर्ट मेरे सही नाम महावीर गोड़ (MAHAVEER GOND) पिता एक्काराम (AKKARAM) दर्ज कराकर बनवाना चाहता हूं। जिसके लिए मुझे आम सूचना नाम परिवर्तन बाबत दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचना के समर्थन में यह शपथ पत्र दे रहा हूं।

सत्यापन-

मैं महावीर गोड़ (MAHAVEER GOND) यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से लेकर 04 तक की बातें मेरी जानकारी व विश्वास से सही एवं सत्य है जिसे आज दिनांक 07.04.2026 को इसे लिखाकर, पढ़ाकर, सुन व समझकर अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

स्थान-जांजगीर,
दिनांक 07.04.2026 शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता
महावीर गोड़



# सेमरिया में लगा राजस्व पखवाड़ा शिविर, चौपाल में हुआ समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

ग्राम पंचायत सेमरिया ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाने और उनके दरवाजे पर ही न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कसडोल तहसील के ग्राम पंचायत सेमरिया में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व पखवाड़ा शिविर का शानदार आयोजन किया गया। इस शिविर में न केवल सरकारी फाइलों की धूल झाड़ी गई, बल्कि ग्रामीणों की सालों से लंबित शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर उन्हें बड़ी राहत प्रदान की गई। तहसीलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में उत्साह शिविर में तहसीलदार विवेक कुमार पटेल स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक-एक ग्रामीण की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना। तहसीलदार ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले को सख्त निर्देश दिए कि भूमि संबंधी प्रकरणों जैसे नामांतरण सीमांकन बटवारा एवं त्रुटि सुधार जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में निराकरण करें। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का साझा प्रयास शिविर के सफल संचालन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। सरपंच विरेंद्र कुमार साहू, उपसरपंच जोहान साहू और सचिव सुरेश कुमार निषाद, सहित समस्त पंचगणों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया।

## सेमरिया में घर-घर पहुंचा न्याय, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत



### शिविर से गांव तक पहुंचा प्रशासन

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शासन की योजनाएं सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उपस्थित प्रमुख राजस्व कर्मी चंद्रप्रकाश साहू (पटवारी), सहनी चौहान (कोटवार) हमें अपनी छोटी-मोटी समस्याओं के लिए बार-बार शहर जाना पड़ता था, लेकिन आज साहब खुद हमारे गांव आए हैं। हमारा काम आसान हो गया और समय की भी बचत हुई। एक स्थानीय ग्रामीण संवाद से बढ़ा विश्वास इस शिविर ने न केवल राजस्व मामलों का निपटारा किया बल्कि प्रशासन और जनता के बीच के फासले को भी कम किया है। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन का उनके गांव तक पहुँचना उनके लिए किसी सौगात से कम नहीं है। शिविर के माध्यम से राजस्व पखवाड़ा अपने मूल उद्देश्य पारदर्शिता और जन-सेवा को सार्थक करता नजर आया।

## खबर संक्षेप



### सकरी प में पांच दिवसीय रामायण आज से

**पलारी**। ग्राम सकरी प में पांच दिवसीय रामायण का आयोजन 8 अप्रैल से ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन अलग अलग मंडली भाग लेंगी। आयोजक समिति के सदस्य डॉ. हेमंत साहू, भानु प्रताप साहू, रमेश साहू, गौत राम साहू, उमाचरण वर्मा, हरि राम साहू, शेखर सेन, गोविंद साहू, कमलेश साहू, अवध साहू, लोकनाथ साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने अधिक से अधिक मंडली को भाग लेने अपील की।

### 'जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं होना अन्याय'

**रायपुर**। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने आगामी डिजिटल जनगणना के लिए निर्धारित 33 बिंदुओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम नहीं होने पर पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए दोहरा मापदंड अपना रही है। पिछड़े समाज के विकास की बात करने वाली केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार आज इस मामले में असहाय नजर आ रही है। सरकार पिछड़ों को सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखना चाहती है। अन्य वर्ग के लिए स्पष्ट कॉलम दिया गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग की गणना के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। बदलाव नहीं किए जाने की स्थिति में पार्टी ने विरोध की चेतावनी दी है।

### मनीष बने साहू समाज आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महामंत्री

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी सेल प्रकोष्ठ) द्वारा मनीष कुमार साहू को फिर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य 16 पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवं अनुमोदन से की गई है। वर्तमान में वे आकाशवाणी रायपुर से जुड़े हुए हैं और अपने विभिन्न दायित्वों के दौरान श्री साहू ने संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क को विस्तार देने तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### निधन

**सरोज बघेल**



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। सेम्हराडीह निवासी सरोज बघेल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां गणमान्य नागरिक और नाते-रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थिति थे। वे घनश्याम और बीरेंद्र की मां थीं।

## बैठक : जल संचयन के लिए समुदाय की सहभागिता पर जोर

# लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राज्य और केंद्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने भूमिगत जल के रिचार्ज हेतु सभी शासकीय भवनों में सोखता गड्ढा और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की संरचनाएं निर्मित करने और जनभागीदारी से जल संचयन के कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहरों के आसपास भी ऐसी संरचनाएं निर्मित करें जो पानी रोककर भूमिगत जल रिचार्ज में सहायक हों। उन्होंने खेतों के सबसे निचले क्षेत्र में भी जल संरक्षण की संरचना बनाने के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी, शासकीय और निजी स्कूलों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोखता पिट निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में जन जागरूकता हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रस्ताव के साथ आम नागरिकों से इस कार्य में सहयोग की अपील भी की है। जल संचयन की संरचनाओं के गुणवत्ता पूर्ण निर्माण में बाद उसकी फोटो और अनिवार्य जियो टैगिंग के भी निर्देश उन्होंने दिए।

### राजस्व शिविर में पटवारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश




### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत विभिन्न प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण और पोर्टल में तत्काल एंट्री के निर्देश भी दिए हैं, ऐसा न करने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने राजस्व पखवाड़े में पटवारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण करने को कहा है।

### जनगणना को सर्वोच्च प्राथमिकता

श्री शर्मा ने जनगणना के कार्यों को संवेदनशीलता और कर्मठता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा जनगणना सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण के मामलों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने भू-राजस्व संहिता के तहत कठोर कार्रवाई के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूमिहीन नागरिकों को भी लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को पंचायत स्तर पर आबादी भूमि का चिन्हांकन कर भूमिहीनों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

# सेवानिवृत सहायक ग्रेड 2 को स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय हाई स्कूल कठिया नंबर 1 में सहायक ग्रेड 2 के पद पर कार्यरत भीखम प्रसाद साहू को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। वर्षों की समर्पित सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यक्तित्व के लिए उन्हें विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एसआर वर्मा ने भीखम प्रसाद साहू के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली, अनुशासन और सहयोगात्मक व्यवहार सदैव सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सुखमय भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक पैकरा, ग्राम पंचायत कठिया की सरपंच भुनेश्वरी दाऊलाल पाल, उप सरपंच अशोक बांधे, वरिष्ठ पंच खेलावन वर्मा, अमित उइके, मुकेश वर्मा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रमेश बघेल, उपाध्यक्ष अवध राम वर्मा, ऋषब्या वर्मा, हेमंत वर्मा, भोलाराम आडिल सहित विद्यालय के शिक्षकगण जी पी वर्मा, अनिल कुमार सेन आदि उपस्थित थे।

# कठिया सहकारी समिति में ब्याजमुक्त ऋण वितरण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कठिया मुख्य शाखा तिल्दा द्वारा शासन की योजनाओं के अनुरूप क्षेत्र के किसानों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने का कार्य प्रारंभ है। यह पहल किसानों की आर्थिक सशक्त और कृषि कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कंप्यूटर ऑपरेटर तिलक राम बघेल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को दिए जाने वाले ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। जहां पिछले वर्ष 60% नगद एवं 40% वस्तु के रूप में ऋण प्रदान किया जाता था, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 70% नगद तथा 30% वस्तु के रूप में किया गया है, जिससे किसानों को अधिक सुविधा मिल रही है।

भरुवाडीह कला के कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सहकारी समिति की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही बैठने, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था होने से किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में समिति के कर्मचारी दिनेश कुमार यदु, विजय यादव, दीपक तथा समिति प्रबंधक घनश्याम साहू का विशेष योगदान रहा है, जो पूरे समर्पण के साथ किसानों की सहायता में जुटे हुए हैं। यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है और कृषि विकास को नई गति प्रदान कर रही है।

# मिनीमाता कन्या कॉलेज में इंटर्नशिप का शुभारंभ, पत्रकारिता के गुर सीखेंगी छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार








शासकीय मिनीमाता कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 अप्रैल से छह दिवसीय इंटर्नशिप एवं समतुल्य कोर्स शुरू हुआ, जो 11 अप्रैलन तक चलेगा। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय एवं मुख्य अतिथि अधिवक्ता गणेश शंकर साहू ने किया।

प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता एक उभरता हुआ क्षेत्र है और छात्राएं इसे भविष्य में अपने करियर के रूप में अपना सकती हैं। मुख्य अतिथि गणेश शंकर साहू ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय की डॉ. रीता यादव (हिंदी विभाग) ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी। इस संयुक्त आयोजन में निम्नलिखित महाविद्यालयों के हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई है।

प्रथम दिवस की गतिविधियो में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी ने प्रथम सत्र में इंटर्नशिप की अवधि के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। पहले दिन छात्राओं का पंजीयन एवं परिचय संपन्न हुआ तथा उन्हें साक्षात्कार विषय का वितरण किया गया। मंच का संचालन पूजा बांधे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के सफल आयोजन के लिए डॉ. सुनीता त्यागी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# नौ दिनों तक चली भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



ग्राम पंचायत सेल में हवन पूजन के साथ श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ। हवन पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए थे। हवन पूजन कार्यक्रम में मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया, जिसमें अंचल स्वाहा स्वाहा से गुंजने लगा था। गांव के शीतला चौक में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का ग्रामीणों ने सुनकर मंत्रमुग्ध हो गया हैं। सुबह और शाम को भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या श्रोतागण सम्मिलित हो रहे थे। गांव का महौल धर्म कर्म हो गया था। 30 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रद्धालुओं संध्या महाआरती में बड़ी संख्या शामिल हो रहे थे। गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ था। श्रीमद भागवत कथा सुनने के लिए दूर दराज के लोगों ने पहुंचकर आनंद लिए।

### बाल व्यक्तित्व विकास के लिए समर कैंप मई में

**हिरमी रावन**। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी द्वारा बाल व्यक्तित्व विकास शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 2 मई से 10 मई तक प्रतिदिन प्रातः 8 से 10 बजे तक राजयोग भवन, हिरमी (ज्ञानोदय शिशु मंदिर के पास) में आयोजित होगा। यह शिविर कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है। शिविर में बच्चों के अंदर एकाग्रता, कला, शक्ति एवं संस्कारों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिविर के दौरान नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्य शिक्षा, योग एवं मेडिटेशन, वैल्यू बेस्ड गेम्स, विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा आकर्षक उपहार जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा, हालांकि पंजीयन अनिवार्य है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस शिविर में सहभागी बनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु, वातावरण हुआ भक्तिमय

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



ग्राम डमरू में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। कथाकार पं. प्रीतम पाण्डेय ने भक्तों को भागवत महिमा का रसपान कराया। शुकदेव आगमन की कथा का जीवंत वर्णन कथा के दौरान पंडित ने शुकदेव के आगमन के प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और सजीव चित्रण किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और जीवन में भक्ति का संचार होता है। महाराज के भजनों और प्रसंगों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक निरंतर संचालित की जा रही है। कथा के आगामी दिनों में भगवान के विभिन्न अवतारों और उनकी अलौकिक लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी और आयोजन समिति के सदस्य तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। कथा स्थल पर पेयजल बैठक व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के आयोजन समिति सक्रिय हैं भक्तिमय वातावरण से पूरा ग्राम डमरू धर्ममय हो गया ह।

टैक्सी चाहिए
बलौदाबाजार से सरसीवां में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411